डॉ. नित्यानंद हिमालयन अनुसंधान एवं अध्ययन केंद्र का उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

1 जून, 2022 को दून विश्वविद्यालय की कुलपति (वीसी) सुरेखा डंगवाल ने बताया कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी 2 जून को दून विश्वविद्यालय में डॉ. नित्यानंद हिमालयन रिसर्च एंड स्टडी सेंटर के भवन का उद्घाटन करेंगे।

प्रमुख बिंदु

- प्रसिद्ध हिमालयी भूगोलवेत्ता नित्यानंद के नाम पर केंद्र का निर्माण 22 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है।
- केंद्र की परिकल्पना हिमालयी क्षेत्र के सतत् विकास में उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में उभरने के लिये की गई है और इसका उद्देश्य क्षेत्र के सतत् विकास के लिये साक्ष्य आधारित निर्णय लेने और शिक्षण के लिये विज्ञान और सामाजिक विज्ञान को एकीकृत करना है।
- इसके अतिरिक्त 2 जून को ही मुख्यमंत्री केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड (एसईआरबी) द्वारा आयोजित किये जाने वाले दो दिवसीय व्यावसायिक उन्नति कार्यक्रम का भी उद्घाटन करेंगे, जिसका उद्देश्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) में उत्तराखंड की महिला वैज्ञानिकों और शोधकर्त्ताओं के कौशल और क्षमता को बढ़ाना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-of-dr-nityananda-himalayan-research-and-study-centre